हरिभूमि

# सीहोर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, रविवार 14 सितंबर 2025

04 कलेक्टर-एसपी ने सलकनपुर मेले की...



08 बैठक में 2047 को सामने रख कर नगर विकास





## खबर संक्षेप

### 60 वर्ष बाद मिलेगी 3 हजार रुपए पेंशन

**सीहोर।** केन्द्र सरकार द्वारा असंगठित श्रमिकों की सामाजिक सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए केन्द्रीय श्रम मंत्रालय द्वारा प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन पेंशन योजना प्रारंभ की गई है। इस योजना के अंतर्गत 18 से 40 वर्ष आयु वर्ग के समस्त असंगठित क्षेत्र के श्रमिक जिनकी मासिक आय 15 हजार से कम है, इस योजना के लिए पात्र होंगे। योजना के अंतर्गत नामांकन के लिए 18 से 40 वर्ष आयु वर्ग के श्रमिकों को प्रतिमाह 55 से 200 रुपए प्रीमियम के रूप मे जमा करना होगी। भारत सरकार श्रम मंत्रालय द्वारा जमा की जाएगी जिसमें 50 प्रतिशत प्रीमियम की राशि भारत सरकार श्रम मंत्रालय द्वारा वहन की जाएगी। श्रमिक की 60 वर्ष आयु पूर्ण होने पर बीमित व्यक्ति को 3 हजार प्रतिमाह रूपए पेंशन के रूप में प्राप्त होगी।इस योजना के लिए इच्छुक श्रमिक योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए निकटतम कॉमन सर्विस सेंटर (कियोस्क) पर जाकर अपना नामांकन करा सकते हैं। नामांकन के समय श्रमिक को आधार कार्ड एवं बैंक खाता नंबर अनिवार्य रूप से देना होगा। प्रीमियम की प्रथम किश्त श्रमिक के आयु वर्ग के अनुसार 55 से 200 रूपये कॉमन सर्विस सेंटर में नगद जमा की जाएगी।

### कर्मचारियों ने चेतावनी दी है कि अगर जिम्मेदार अफसरों पर कार्रवाई नहीं हुई तो वे भी बड़ा आंदोलन करेंगे

# आउटसोर्स कर्मचारी की अचानक लाइन चालू होने से मौत, आक्रोशित ग्रामीणों ने किया चक्काजाम

**हादसे के बाद सैकड़ों ग्रामीण और कर्मचारी मौके पर जुट गए। गुस्से से भरे लोगों ने चांदबढ़ गांव के पास सीहोर-श्यामपुर मार्ग पर चक्काजाम कर दिया। दोषी अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई और मृतक परिवार को मुआवजा की मांग को लेकर नारेबाजी की**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर





जिले के ग्राम खंडवा में शनिवार सुबह बिजली विभाग की लापरवाही ने एक और परिवार को मातम में डुबो दिया। 30 वर्षीय आउटसोर्स बिजली कर्मचारी विजय कुमार वर्मा की लाइन मेंटेनेंस के दौरान करंट लगने से मौके पर ही मौत हो गई। यह खबर फैलते ही पूरे गांव में मातम पसर गया और हर किसी की आंखों में गुस्सा और आंसू दिखाई देने लगे।

जानकारी के अनुसार मृतक विजय कुमार पिता भगीरथ, ग्राम खंडवा का निवासी था और विद्युत मंडल खजुरिया बंगला में आउटसोर्स कर्मचारी के रूप में काम करता था। परिजनों ने गंभीर आरोप लगाया कि विजय ने विधिवत परमिट लेकर लाइन बंद करवाई थी, लेकिन इसके बावजूद अचानक बिजली चालू कर दी गई। इस बड़ी लापरवाही ने उसकी जान ले ली। परिवार का सवाल है कि आखिर सुरक्षा नियमों का पालन क्यों नहीं हुआ और जिम्मेदार अफसर चुप क्यों बैठे हैं?

#### आक्रोशित ग्रामीणों ने किया चक्काजाम

हादसे की खबर के बाद सैकड़ों ग्रामीण और कर्मचारी मौके पर जुट गए। गुस्से से भरे लोगों ने चांदबढ़ गांव के पास सीहोर-श्यामपुर मार्ग पर चक्काजाम कर दिया। दोषी अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई और मृतक परिवार को मुआवजा देने की मांग को लेकर नारेबाजी होती रही। जाम के कारण मार्ग पर वाहनों की लंबी-लंबी कतारें लग गईं और यातायात पूरी तरह ठप हो गया। जब तक अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर आश्वासन नहीं दिया, तब तक लोग हटने को तैयार नहीं थे।

#### नेताओं और कर्मचारियों ने जताया गुस्सा

स्थिति बिगड़ती देख विधायक सुदेश राय अस्पताल पहुंचे और परिजनों से मुलाकात की। उन्होंने मृतक परिवार को सांत्वना दी और दोषियों पर कार्रवाई व मुआवजे का आश्वासन दिया। दूसरी ओर, आउटसोर्स और नियमित बिजली कर्मचारी भी इस हादसे से बेहद आक्रोशित नजर आए। उनका कहना था कि बार-बार लापरवाही की कीमत कर्मचारियों की जान देकर चुकानी पड़ रही है। कर्मचारियों ने चेतावनी दी है कि अगर जिम्मेदार अफसरों पर कार्रवाई नहीं हुई तो वे भी बड़ा आंदोलन करेंगे।

#### जांच के आदेश और सवाल बरकरार

घटना के बाद बिजली कंपनी की अधीक्षण यंत्री पूनम तुलराम ने मामले की जांच के डीई को आदेश दिए हैं। उन्होंने कहा कि दोषी पाए जाने वालों पर सख्त कार्रवाई होगी। वहीं पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर मामले की जांच शुरू कर दी है। लेकिन सवाल अब भी बरकरार है कि जब कर्मचारी ने परमिट लेकर लाइन बंद करवाई थी तो अचानक बिजली कैसे चालू हुई? विजय की मौत ने बिजली विभाग की सुरक्षा व्यवस्था और जिम्मेदारी पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। यह हादसा कर्मचारियों और ग्रामीणों के लिए चेतावनी है कि लापरवाही अब और जानें न लूटे।

## तीन दिवसीय जागृति गरबा महोत्सव का 26 सितंबर से होगा शुभांरभ



**सीहोर।** नगर के कृष्णा सेलिब्रेशन में तीन दिवसीय जागृति गरबा महोत्सव का शुभांरभ, यहां पर यह आयोजन 26 से 28 सितंबर 2025 तक होगा। विगत 10 सितंबर से गरबा प्रशिक्षण युवतियों को दिया जा रहा है। जिसमें युवतियां बढ चढ कर हिस्सा ले रही हैं।

इस बार महोत्सव में अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं प्रतियोगिता होंगी एवं सुप्रसिद्ध घूमर नृत्य देखने को मिलेगा। गरबे के मुख्य अतिथियों नपा अध्यक्ष श्री विकास प्रिंस राठौर ,श्री मान गौरव सन्नी महाजन ,श्री मान पंकज गुप्ता एवं वरिष्ठ समाजसेवी होंगे । जाग्रति गरबा महोत्सव का आयोजन श्रीमति जाग्रति लोधी द्वारा किया जा रहा है। इन्होने नगर में विगत 4 वर्षों से गरबा महोत्सव को उच्च एवं प्रशंसनीय स्थान पर पहुंचाया है। इन्होने 31 अगस्त 2025 को भी ग्वालियर में शक्तिमान टीवी शो की गीता विश्वास की एक्टर्स वैष्णवी मैकडॉनल्ड मुख्य अतिथि द्वारा महिला सम्मान का भी आयोजन किया था। जाग्रति लोधी ने बताया कि यह आयोजन विगत वर्षों से गरबा महोत्सव का आयोजन महिलाओं और युवतियों के लिए महाशक्ति की उपासना का स्थान प्राप्त कर चुका है। जाग्रति गरबा महोत्सव में कोडियोग्राफर नवीन चौधरी द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस महोत्सव में महिला सम्मान एवं कुटीर उद्योग करने वाली परिश्रमी महिलाओं को भी सम्मान मिलेगा और स्टॉल भी लगाये जायेंगे। सयोजक मनोज लोधी ने बताया कि विछले वर्ष भी गरबा महोत्सव में 600 महिलाओं एवं युवतियो ने भाग लेकर मध्यप्रदेश में हो रहे गरबा महोत्सव में प्रशंसनीय स्थान प्राप्त किया ।गरबा में बॉलीवुड एक्टर्स कनिका तिवारी गरबे का मुख्य आकर्षण रहेंगी और उन्होने महिलाओं और नगर के प्रमुख समाजसेवी ,एवं गणमान्य नागरिकों के द्वारा पुरस्कार वितरण किया जाएगा।

## तीन युवकों ने चाकू मार कर की हत्या





**बुधनी।** शुक्रवार शाम रेहटी रोड पर फ्लाईओवर के सर्विस रोड के पास तीन आरोपियों ने नर्मदापुरम निवासी एक युवक को चाकू मार कर घायल कर दिया शनिवार सुबह अस्पताल में इलाज के दौरान घायल युवक की मौत हो गई। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार शाम लगभग 6:30 बजे पीयूष कुशवाहा नामक युवक को तीन आरोपियों ने चाकू मारकर घायल कर दिया बताया जाता है की पिछले दिनों उनकी आपस में प्रेम प्रसंग को लेकर कहा सुनी हो गई थी इसी विवाद को खत्म करने के लिए आरोपियों ने शुक्रवार शाम मृतक पीयूष कुशवाहा को घटनास्थल पर बुलाया था उसके साथ पोहप सिंह और राहुल ठाकुर भी आए थे यह सभी घटनास्थल पर अलग-अलग मोटर साइकिलों से पहुंचे थे बातचीत के दौरान दोनों पक्षों के बीच गाली गलौच हो गई इस पर जितेंद्र कुशवाहा ने अपने दोनों साथियों के साथ मिलकर पीयूष कुशवाहा पर चाकू से हमला कर दिया घायल युवक को आनन फानन में नर्मदापुरम ले जाया गया घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची एवं आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 109(1),296,115 (2),3(5) के तहत मामला दर्ज कर लिया और मौके पर पाए गए साक्ष्य के आधार पर पुलिस ने हमला करने वाले तीनों आरोपियों जिन में जितेंद्र कुशवाहा,अनिल कुशवाहा नर्मदापुरम और दिनेश बेले निवासी प्रभात पट्टन बैतूल को हिरासत में ले लिया तीनों आरोपी बुधनी स्थित निजी कंपनी में कार्यरत थे और आरोपी माना स्थित गुरुआ बाबा कॉलोनी में किराए के मकान में रहते हैं उधर घायल पीयूष कुशवाहा की नर्मदा पुरम स्थित नर्मदा अस्पताल में इलाज के दौरान मृत्यु हो गई पुलिस द्वारा जांच के बाद धाराओं में इजाफा किया जाएगा।

इस मामले में थाना प्रभारी डीएसपी चैन सिंह रघुवंशी ने बताया पुरानी रंजिश को लेकर दोनों पक्षों में विवाद हुआ था आरोपियों ने मृतक पर चाकू से हमला कर दिया नर्मदापुरम में इलाज के दौरान शनिवार सुबह करीब 6:30 बजे उसकी मौत हो गई तीनो आरोपियों को हिरासत में लेकर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

## ज्ञान, कौशल और नवाचार का संगमः श्री सत्य साईं विश्वविद्यालय में अटल एफडीपी कार्यक्रम हुआ संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर




श्री सत्य साईं विश्वविद्यालय, सीहोर की स्कूल ऑफ होटल मैनेजमेंट इकाई में 8 से 13 सितंबर तक आयोजित छह दिवसीय अटल प्रोग्राम फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्रामका भव्य समापन कुलगुरु डॉ. मुकेश तिवारी के सशक्त मार्गदर्शन में हुआ। यह उल्लेखनीय है कि यह आयोजन एआईसीटीई, नई दिल्ली की अटल एफडीपी योजना के अंतर्गत संपन्न हुआ तथा मध्यप्रदेश में केवल श्री सत्य साईं विश्वविद्यालय, सीहोर की स्कूल ऑफ होटल मैनेजमेंट इकाई का चयन इस कार्यक्रम के लिए किया गया। यह कार्यक्रम विश्वविद्यालय परिसर में ज्ञान, नवाचार और अकादमिक उत्कृष्टता का जीवंत मंच सिद्ध हुआ। प्रतिभागियों एवं विद्यार्थियों ने होटल मैनेजमेंट और टूरिज्म सेक्टर की आधुनिक तकनीकों और वैश्विक परिप्रेक्ष्य से जुड़ी जानकारी का गहन अध्ययन किया। इस पहल ने न केवल शिक्षकों की गुणवत्ता और क्षमता संवर्धन की दिशा में सार्थक योगदान दिया, बल्कि शैक्षणिक जगत को नई सोच और दृष्टि भी प्रदान की।

कार्यक्रम के अंतिम दिवस एक ऑनलाइन क्विज़ टेस्ट भी आयोजित किया गया, जिसमें सफल प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस आयोजन की सफलता में होटल मैनेजमेंट के समन्वयक डॉ. शाहब अहमद, सह-समन्वयक देवेंद्र प्रताप और रिसर्च एंड डेवलपमेंट डायरेक्टर डॉ. मोहित गंगवार की सक्रिय भूमिका उल्लेखनीय रही। गरिमामयी उपस्थिति से कुल सचिव डॉ. हेमंत शर्मा, परीक्षा नियंत्रक डॉ. संजय राठौर, विभिन्न विभागों के प्राचार्य, संकाय सदस्य और छात्र-छात्राओं ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। कार्यक्रम का प्रभावी संचालन देश दीपक ने किया, जबकि आभार ज्ञापन देवेंद्र प्रताप द्वारा व्यक्त किया गया।

## कलेक्टर ने सभी संबंधित अधिकारियों को दिए निर्देश

**सीहोर।** सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्तियों को तत्काल रूप से चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराये और दुर्घटना में अगर व्यक्ति मृत हो जाता है तो उनके परिजनों का तत्काल रूप से आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने के लिए कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी बालागुरू के. ने सभी एसडीएम एवं एसडीओ पुलिस तथा तहसीलदार और थाना प्रभारियों को इस आशय के निर्देश जारी किये गये है। उन्होंने कहा है कि दुर्धटना में घायल व्यक्तियों को तत्काल निकटतम चिकित्सा सेवा केन्द्र में चिकितसा सहायता उपलब्ध कराये ताकि व्यक्ति को बचाया जा सकें। दुर्घटना में अगर व्यक्ति मृत हो जाता है तो मानवीय आधार पर उनके परिजनों को शासन की और से तत्काल आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जाये।

कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी बालागुरू के. एसडीएम, तहसीलदार एवं पुलिस निर्देश दिये है कि मृतक आश्रिता को भी आर्थिक कठिनाइयों का सामना न करना पडे.एसी स्थिति में समय-सीमा में आर्थिक सहायता उपलब्ध कराया जाना नितांत आवश्यक होता है। उन्होंने कहा कि इस सबंध में कई आवेदक आर्थिक सहायता पाप्ति के लिए जनसुनवाई में उपस्थित होकर आवेदन पत्र प्रस्तुत करते रहते है यह स्थिति चिन्ता जनक है। सड़क दुर्घटना में घायल, मृतक के आश्रितों का शासन द्वारा स्वय कार्यवाही कर आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जाना चाहिए। उन्होंने निर्देश दिये कि अनुविभागीय दण्डाधिकारी एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस सहायता राशि स्वीकृत करने की निर्धारित प्रक्रिया अनुसार आर्थिक सहायत राशि स्वीकृत करने के लिए प्रकरण प्रस्तुत करें एवं लंबित प्रकरणों की समीक्षा अनिवार्य रूप करें।

### सहकारिता कर्मचारी 26 सितंबर को मुख्यमंत्री आवास का करेंगे घेराव

# हड़ताल के छठवें दिन शासन-प्रशासन और वरिष्ठ अधिकारियों की सद्बुद्धि के लिए किया सुंदरकांड

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

मध्य प्रदेश सहकारिता कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर पिछले कई दिनों से आंदोलन कर रहे हैं बार-बार हड़ताल और ज्ञापन के बाद भी उनकी मांगे पूरी नहीं हो रही है।

सहकारिता कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर 8 सितंबर से 24 सितंबर तक पूरे प्रदेश के सहकारिता कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर हड़ताल पर है आज छटा दिन था सहकारिता कर्मचारियों ने शासन प्रशासन एवं सहकारिता के वरिष्ठ अधिकारियों की सद्बुद्धि के लिए आज जिला सहकारिता बैंक के सामने श्री मानस मंडल बेदाखेड़ी द्वारा सुंदरकांड का पाठ किया पिछले दिनों काली पट्टी बांधकर अपना विरोध जताया था सीहोर जिले के समस्त सहकारिता समिति के प्रबंधक एवं कर्मचारी हड़ताल पर बैठे हुए हैं सीहोर में जिला सहकारिता बैंक के सामने कर्मचारियों की मांग ये है की 60 प्रतिशत कर्मचारियों का जिला बैंकों में चयन आज तक नहीं हुआ तत्काल चयन होना चाहिए साथ ही अक्टूबर 2023 से प्रति विक्रेता 18 माह का जो 54 हजार है जो मात्र 18 जिलों को मिला है लेकिन अभी भी 34 जिलों में भुगतान नहीं किया गया है जिले के कर्मचारियों को तत्काल मिलना चाहिए साथ ही सहकारिता कर्मचारियों ने अपनी मांग रखी कि जब तक हमारी मांगे पूरी नहीं होगी हम कलम बंद हड़ताल पर रहेंगे ओर मुख्यमंत्री आवास या विंध्याचल भवन का घेराव करेंगे क्योंकि बार-बार अधिकारियों के द्वारा केवल हमें आश्वासन दिया जा रहा है लेकिन हमारी मांगों को पूरा नहीं किया जा रहा है कर्मचारियों की हड़ताल से किसानों को आ सकती है बड़ी समस्याएं, सहकारिता कर्मचारियों का प्रदर्शन लगातार जारी है।



### स्मार्ट फिश पार्लर योजना में निकायों की लापरवाही

# 5 को मिली 25 लाख की राशि, 6 महीने बाद भी नहीं बना पार्लर



**सीहोर।** नगर में स्वच्छ वातावरण में मछली विक्रय और मछुआरों की आय बढ़ाने के लिए स्मार्ट फिश पार्लर योजना शुरू की गई। मत्स्य विभाग ने पांच निकायों को इस योजना के तहत राशि दी है।

नगरपालिका सीहोर, आष्टा, नगर पंचायत कोठरी, जावर और बुधनी को प्रत्येक को 5-5 लाख रुपए की राशि मार्च 2025 में दी गई। लेकिन छह माह बीत जाने के बाद भी एक भी फिश पार्लर का निर्माण नहीं हुआ है। निकाय पार्लर के लिए जगह तक नहीं खोज पा रहे हैं।

**लोग गंदगी और दुर्गंध से परेशान :** वर्तमान में मछली बाजारों में खुले में मछलियों का विक्रय जारी है। इससे आस-पास के लोग गंदगी और दुर्गंध से परेशान हैं। योजना के तहत अलग स्थानों पर कांच की दुकानें बनाई जानी हैं।

#### कुछ निकायों में जगह का भी है हुआ चयन

मत्स्य विभाग ने निर्माण को लेकर कई बार पत्राचार किया है। लेकिन निकाय न तो जवाब दे रहे हैं और न ही दिलचस्पी दिखा रहे हैं। उप संचालक मत्स्योद्योग विभाग सीहोर, प्रशांत हर्ष के अनुसार एक-दो जगह काम शुरू हुआ है। कुछ निकायों ने तो अभी तक स्थान का चयन भी नहीं किया है।

**खबर संक्षेप**

## समग्र पोर्टल में आधार ई-केवाईसी अनिवार्य

**सीहोर।** सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा संचालित सभी योजनाओं में समग्र पोर्टल पर आधार ई-केवायसी अनिवार्य कर दिया गया है। अब किसी भी हितग्राही को विभागीय योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए समग्र पोर्टल पर स्वयं का आधार ई-केवायसी करना होगा। समग्र पोर्टल पर आधार ई-केवायसी के बाद ही विभागीय पोर्टल पर आवेदन दर्ज हो सकेगा। जिन योजनाओं में ऑनलाइन प्रणाली नहीं है, उनमें आवेदन को स्वीकृत करने से पहले संबंधित स्वीकृतकर्ता अधिकारी द्वारा समग्र पोर्टल पर आधार ई-केवायसी की पुष्टि की जायेगी। पुष्टि के बाद ही नियमानुसार स्वीकृति प्रदान की जायेगी। विभाग की सभी योजनाओं में आधार ई-केवायसी अनिवार्य करने, बैंक खाता आधार लिंक और डीबीटी सक्रिय कराने के निर्देश दिये है। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा समग्र पोर्टल नागरिकों की आधार ई-केवायसी की कार्यवाही की जा रही है। हितग्राहियों तक ई-केवायसी सुविधा पहुँचाने के लिए समग्र सामाजिक सुरक्षा अधिकारी अपने क्षेत्र में संचालित सेवा प्रदाता एजेंसी और जिला/ सहायक ई-गवर्नेंस प्रबंधकों से समन्वय कर ग्राम पंचायत या वार्ड स्तर पर शिविर लगा कर अधिक से अधिक हितग्राहियों का आधार ई-केवायसी सुनिश्चित करें।

### सलकनपुर में बैठक आयोजित कर संबंधित अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

# कलेक्टर-एसपी ने सलकनपुर मेले की व्यवस्थाओं के संबंध में सलकनपुर मंदिर परिसर का किया निरीक्षण

कलेक्टर बालागुरू के. ने कहा कि श्रद्धालुओं के लिए पीने के पानी की पर्याप्त व्यवस्था की जाए, ताकि लोगों को पेयजल आसानी से प्राप्त हो सके।





हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

शारदीय नवरात्री पर विजयासन देवी के दर्शन और पूजा-अर्चना के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं का सलकनपुर आगमन होता है। आगामी 22 सितंबर से प्रारंभ होने वाले शारदीय नवरात्री पर सलकनपुर आने वाले श्रद्धालुओं के लिए बेहतर व्यवस्थाओं के संबंध में कलेक्टर बालागुरू के. और एसपी दीपक कुमार शुक्ला ने सलकनपुर मंदिर परिसर एवं नर्मदा आंवलीघाट का निरीक्षण और सलकनपुर मंदिर परिसर में बैठक आयोजित कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी व्यवस्थाएं इस प्रकार सुनिश्चित की जाए कि दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं को किसी तरह की कोई परेशानी न हो और सभी श्रद्धालु सुविधाजनक ढंग से पूजा-अर्चना कर सकें। इस दौरान सलकनपुर ट्रस्ट के अध्यक्ष महेश उपाध्याय, एएसपी सुनीता रावत, बुधनी एसडीएम दिनेश सिंह तोमर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

**कलेक्टर एसपी ने इन व्यवस्थाओं के दिए निर्देश :** बैठक में कलेक्टर बालागुरू के. ने पार्किंग, पेयजल, साफ-सफाई तथा पर्याप्त बिजली व्यवस्था के संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं के आगमन तथा निर्गमन की सुगम व्यवस्था के लिए पर्याप्त संख्या में अधिकारी-कर्मचारियों की ड्यूटी लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने इमरजेंसी के लिए फायर बिग्रेड की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। साथ ही मेला स्थल पर दुकानों को व्यवस्थित ढंग से लगवाने तथा मेले के बेहतर प्रबंध के निर्देश दिए।

बैठक में एसपी श्री शुक्ला ने पुलिस अधिकारियों को सभी मुख्य स्थानों पर पर्याप्त पुलिस बल की ड्यूटी लगाने के निर्देश दिए। ताकि यातायात व्यवस्था किसी भी प्रकार से बाधित न हो। उन्होंने कहा कि ड्यूटी के दौरान अधिकारी-कर्मचारी किसी भी स्थान पर यातायात बाधित होने पर तुरंत यातायात को सुचारू बनाए। उन्होंने कहा कि मंदिर प्रांगण में रोपवे का निरंतर संचालन होता रहे, ताकि अधिक से अधिक लोगों का आवागमन हो सके।

### महत्वपूर्ण स्थानों पर लगाएं हेल्थ कैंप

बालागुरू के. ने कहा कि मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं के लिए हेल्थ कैंप लगाए जाए। जिससे श्रद्धालुओं को चिकित्सा की आवश्यकता पड़ने पर तत्काल मेडिकल सहायता प्रदान की जा सके। उन्होंने इमरजेंसी सेवाओं के लिए महत्वपूर्ण स्थानों पर एंबुलेंस की व्यवस्था करने के भी निर्देश दिए।

### बाहरी बसों के लिए बनाएं अस्थायी बस स्टैंड

बैठक में कलेक्टर बालागुरू के. ने बाहर से आने वाली बसों की पार्किंग के लिए अस्थाई बस स्टैण्ड बनाने के निर्देश दिए। ताकि सड़क मार्ग पर बसों से होने वाले ट्रैफिक को व्यवस्थित एवं नियंत्रित किया जा सके। उन्होंने कहा कि जब बाहरी वाहनों को खड़ा करने के लिए पर्याप्त स्थान होगा तो, वह रोड पर खड़े नहीं होंगे और यातायात व्यवस्था भी बनी रहेगी।

**मुख्य स्थानों पर बनाएं हेल्प डेस्क :** बैठक में कलेक्टर बालागुरू के. ने कहा कि बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं को मंदिर परिसर में कोई परेशानी न हो, इसके लिए मुख्य स्थानों पर हेल्प डेस्क बनाया जाए। उन्होंने कहा कि मंदिर परिसर में कन्ट्रोल रूम बनाया जाए, ताकि ड्यूटी के दौरान सभी अधिकारी-कर्मचारी सतत संपर्क में रहें। कलेक्टर बालागुरू के. ने कहा कि श्रद्धालुओं के लिए पीने के पानी की पर्याप्त व्यवस्था की जाए, ताकि लोगों को पेयजल आसानी से प्राप्त हो सके। उन्होंने कहा कि नागरिकों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए मुख्य स्थानों पर अस्थाई शौचालय भी स्थापित किए जाए। ताकि लोगों को सुविधा हो।

### आंवलीघाट का किया निरीक्षण

कलेक्टर बालागुरू के. तथा एसपी दीपक कुमार शुक्ला ने नर्मदा आंवलीघाट का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने घाट पर आने वाले श्रद्धालुओं के स्नान और पूजा कार्यक्रम को व्यवस्थित ढंग से संचालित कराने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि घाट पर लोगों के सुगमता से आवागमन के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की जाएं तथा घाट पर आने वाले वाहनों के लिए पर्याप्त पार्किंग, यातायात नियंत्रित करने के लिए बैरिकेडिंग, प्रकाश की व्यवस्था, बिजली आपूर्ति, अस्थायी शौचालय, अस्थाई चेंजिंग रूम आदि की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि श्रद्धालु स्नान करते समय गहरे पानी मैं न जाए इसके लिए सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम किए जाएं।

## पात्र होने के बाद लाड़ली बहना योजना से वंचित, समाधान करो




**भैरूंदा।** लाड़ली बहना योजना का लाभ नहीं मिलने से नाराज महिलाओं ने एसडीएम के नाम ज्ञापन सौंपा। यह ज्ञापन प्रभारी तहसीलदार संदीप गौर को दिया गया। महिलाओं ने मांग की कि योजना की साइट जल्द खोली जाए। उन्हें योजना का लाभ दिलाया जाए। ज्ञापन सौंपने के दौरान नायब तहसीलदार मोहम्मद अनीस कुरैशी भी मौजूद थे। महिलाओं ने बताया कि वे पात्र होते हुए भी योजना से वंचित रह गईं। उन्होंने प्रशासन से जल्द समाधान की मांग की। कार्यक्रम में जाति उन्मूलन आंदोलन के राष्ट्रीय सचिव फहीम सरफरोश, अखिल भारतीय विद्यार्थी संगठन के राज्य सचिव संदीप कलाम और स्मृति धुर्वे ने भी संबोधित किया। ज्ञापन देने वालों में मेहनाज़ शेख, राजंतीबाई टाटू, रेखा सैनी, गुलाब बाई, कला कोटवाल, गोमती बाई, विनीता, मंजू बाई, ममता बाई, रेखा बाई, बेबी, मनीषा बाई, रश्मि बाई, रागिनी इवने और राजमणि उइके शामिल रहीं।

## किसान संघ, किसानों की समस्या लेकर मुख्यमंत्री के नाम फिर सौंपेंगे ज्ञापन

**किसान स्वराज संगठन के किसानों की मांगों को लेकर एक सप्ताह में दूसरी बार ज्ञापन सौंपा जाएगा**

**भैरूंदा।** किसान स्वराज संगठन किसानों की समस्याओं को लेकर एक बार फिर सोमवार को मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपेंगे।

यह ज्ञापन किसानों की सोयाबीन और खाद की कमी को लेकर सौंपा जाएगा। किसान संघ की मुख्य मांगे यूरिया डीएपी खाद की कमी का दूर करने, सोयाबीन नष्ट होने को लेकर दिया जाएगा। सोयाबीन की फ़सल में पीला मोजेक लगने से और अधिक वर्षा होने से किसानों की सोयाबीन नष्ट होने की कगार पर है। वहीं चार माह से किसान यूरिया डीएपी खाद को लेकर परेशान है। और दर दर भटकने को मजबूर है। शासन प्रशासन को किसानों की समस्याओं नजर नहीं आ रही है। कृषि विभाग भी अपनी जिम्मेदारी नहीं निभा रहा है। किसानों की सोयाबीन सहित अन्य फसलों का सर्व भी नहीं हुआ। किसान चिंतित हैं।

**किसान संघ एक सप्ताह में दूसरी बार मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन देंगे :** किसान संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि किसान स्वराज संगठन भैरुंदा के द्वारा सोमवार को एक ज्ञापन मुख्यमंत्री के नाम अनुविभागीय अधिकारी को दिया जाएगा जिसमें सोयाबीन में अचानक से पीला मोजेक जैसे आए रोग ओर अति ओला वृष्टि से किसानों की सोयाबीन नष्ट होने की कगार पर है। जिन गांव में सोयाबीन की फसल नष्ट हो गई। उन किसानों के खेतों में सर्व भी नहीं हुआ है। वहीं किसानों का कहना है, सोयाबीन में पीला मोजेक लगने पर कृषि विभाग के द्वारा भी कोई जानकारी या सलाह नहीं दी गई। जिससे कुछ किसानों के खेतों में सोयाबीन खराब हुई है। जिसका सर्वे तत्काल कराया जाए धारा 6- 4 के अंतर्गत मुआवजा एवं बीमा राशि की मांग की जाएगी।

## ट्राइडेंट ने ग्राम बगवाड़ा में लगाया स्वास्थ्य शिविर




**बुधनी।** स्वस्थ्य लोग समृद्ध समाज की परिकल्पना को साकार करने के उद्देश्य से ट्राइडेंट ह्यूमैनिटी फाऊंडेशन द्वारा मधुबन अस्पताल के सहयोग से ग्राम बगवाड़ा में गुरुवार को निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। उल्लेखनीय की ट्राइडेंट ग्रुप के चेयरमेन पद्मश्री राजिंदर गुप्ता एवं सीएसआर प्रमुख मधु गुप्ता के मार्गदर्शन में निरन्तर निशुल्क स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जा रहा है जिसमें अलग-अलग बीमारियों के विषय विशेषज्ञ मौजूद रहते हैं इसी कड़ी में ग्राम बगवाड़ा के आरोग्य केंद्र में आयोजित शिविर में130 ग्रामीणों ने स्वास्थ्य परीक्षण और परामर्श सेवाओं का लाभ उठाया वहीं बीपी,शुगर और हीमोग्लोबिन की जांच के साथ-साथ स्वास्थ्य संबंधी परामर्श भी प्रदान किया गया गंभीर मामलों के लिए रेफरल और मोबाइल एंबुलेंस सेवाएं भी उपलब्ध रहीं वरिष्ठ चिकित्सकों द्वारा आवश्यक दवाओं का निशुल्क वितरण किया गया इस अवसर पर सीएसआर टीम से अरविंद गिरी, सुबेश तिवारी, डॉ दीपिका राजपूत, आईटीआई के प्रधानाचार्य, अध्यापक, सरपंच, सचिव और वालंटियर मौजूद रहे।

## उमंग उत्सव मनाकर बच्चों को साईकिल वितरण की



**भैरूदा।** शुक्रवार को शासकीय स्कूल गिल्लौर में उमंग दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया। इस दौरान स्कूली बच्चों से कई प्रकार की गतिविधिया कराई गई। जिसमें छात्राओं ने ड्राइंग बनाई। 'उमंग है तो जिंदगी में रंग है' थीम पर स्कूल में उमंग दिवस मनाया। जिसमें मुख्य अतिथि रूप में पर्व सरपंच कमलेश ऊइके कार्यक्रम में शामिल हुए। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य लक्ष्मण पठारी ने की। इस दौरान प्राचार्य ने लक्ष्मण पठारी ने उमंग दिवस के उद्देश्यों के बारे में बताया। छात्रों से विभिन्न शैक्षिक व खेल गतिविधियां करवाईं। सफलता-असफलता से संबंधित प्रेरणादायी कहानियों का वाचन किया। वहीं 9वी कक्षा के 17छात्र ,छात्राओं को साईकिले वितरण की गई। जिसमें मुख्य अतिथि कमलेश ऊइके स्कूल प्राचार्य सहित स्कूल स्टॉप ने पात्र विद्यार्थियों को साईकिल वितरण की। जो विद्यार्थी दूर दूर से पैदल चलकर स्कूल पहुंचते थे, वह अब अपनी खुद की साईकिल से जल्दी स्कूल पहुंचेंगे। विद्यार्थियों को साईकिल मिलने पर उन्होंने खुशी जाहिर की। इस अवसर पर पूर्व सरपंच कमलेश ऊइके, स्कूल के प्राचार्य लक्ष्मण पठारी सहित स्कूल के शिक्षकगण और छात्र ,छात्राएं मौजूद रहे।

## खेत पर तार-फेंसिंग लगाने का आधा खर्च सरकार वहन करेगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

फसलों को जंगली जानवरों से बचाने के लिए खेतों पर तार-फेंसिंग लगाने का आधा खर्चा राज्य सरकार वहन करेगी। अब राष्ट्रीय बागवानी एकीकृत विकास कार्यक्रम के तहत उद्यानकी फसल उगाने वाले कृषक अपने खेत के चारो ओर 5 तार व खम्बे की फेंसिंग लगवा सकते हैं। उद्यानकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग द्वारा इच्छुक किसानों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किये गए हैं। विभाग द्वारा जिलेवार लक्ष्य निर्धारित किया जा चुका है। आयुक्त उद्यानकी के अनुसार उद्यानकी फसलों में सब्जी, फल, फूल एवं मसालों की फसलों को जंगली जानवरों द्वारा क्षति पहुंचाई जाती है। इससे बचाव के लिये यह योजना लागू की गई है। विभाग द्वारा किसानों को तार-फेंसिंग लगाने में आने वाला खर्च का आधा अनुदान प्रदान किया जाएगा। तार-फेंसिंग लगाने का खर्चा 300 रुपये प्रति रनिंग मीटर आता है, यानि एक हजार रनिंग मीटर का खर्चा तीन लाख रुपये है। इसमें डेढ़ लाख रुपये राज्य सरकार देगी तथा शेष डेढ़ लाख रूपये किसान वहन करेगा।

## क्रीड़ा भारती जिला स्तर सम्मान समारोह संपन्न





**सीहोर।** क्रीड़ा भारती जिला स्तर सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसमें जिला क्रीड़ा भारती के सह मंत्री मध्य भारत प्रांत के नरेश ठाकुर, भोपाल नगर पालिक मालती मिश्रा, क्रीड़ा ज्ञान प्रमुख मध्य भारत प्रांत कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थे। इस अवसर पर अतिथियों का स्वागत आवासीय खेल कूद विद्यालय के प्राचार्य अलोक शर्मा, जिला खेल अधिकारी अताउल्ला खान, क्रीडा भारती की ओर से मनोज कन्नोजिया ने किया। इस मौके पर मनीष वाजपई ने क्रीड़ा भारती का लक्ष्य युवाओं को खेल से जोडन्ना एवं क्रीड़ा ज्ञान परीक्षा ऑनलाईन जिसमें प्रथम पुरुस्कार एक लाख रूपये, द्वितीय पुरूस्कार पचास हजार रूपये एवं तृतीय पुरुस्कार 25 हजार रूपये के साथ ही छः विजेताओं को चतुर्थ पुरुस्कार 11 हजार रूपये रखे गये हैं। परीक्षा का आयोजन दिनांक 14 सितम्बर 2025, दिन रविवार को होना है। जिसमें 25 मीनट में 50 प्रश्न के उत्तर देना है, जो कि मोबाईलय या लेपटॉप से किया जाना है। इस अवसर पर क्रीड़ा भारती द्वारा खेल प्रशिक्षकों का सम्मान किया गया, जिसमें अताउल्ला खान, शैलेन्द्र सिंह चंदेल, महेन्द्र बाथम, शैलेन्द्र सिंह चौहान, प्रभात मेवाड़ा, संजय कर्मा, मंजु प्रजापति, अर्चना सिलोदिया, अंकित गुप्ता, आनन्द उपाध्याय, मनोज अहिरवार, अरूण राठौर, संदीप चन्देल, प्रमोद उईके, आनन्द पनसोरिया आदि मौजू रहे। कार्यक्रम का आभार मनोज कन्नोजिया द्वारा व्यक्त किया गया।

**श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर परिसर में चल रही धर्म सभा**

# आत्मा से परमात्मा बनने के लिए हमारा जन्म हुआ है: मुनिश्री अक्षय सागर महाराज

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



अनंतकाल से जीव संसार में जन्म - मरण का असीम दुःख भोगते हुए परिभ्रमण कर रहा है इसका मूल कारण मिथ्यात्व अर्थात मिथ्या मान्यता है। इस जीव को कभी श्रध्दा,भक्ति से तो कभी मात्र ज्ञान से मुक्ति मिलती है। ऐसे भ्रम की कल्पना, करके, तो कभी कठोर तप - चारित्र से ही मोक्ष प्राप्त होता है, ऐसी मिथ्या मान्यता से यह जीव मोक्ष के सुख का अनुभव नहीं ले पाया।

उक्त अमृत वाणी मुनिश्री अक्षय सागर जी महाराज ने श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर परिसर में धर्म सभा में प्रवचन के दौरान श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए प्रवचन में आगे विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि मनुष्य पर्याय मिलने के बाद भी हमें उच्च कुल मिला है और उच्च कुल में रहने वालों के लिए नीतिकार कहते हैं कि सौभाग्य से जिनवाणी मिल जाए। सुनो जिनवाणी उच्च कुल मिलने के बाद हमारा कर्त्तव्य होता है कि जिनवाणी पढ़ना क्या पढ़ना जिनवाणी उच्च कुल में जन्म लेने वाले उच्च विचार के होते हैं उच्च विचार वाला होता है उच्च आचरण वाला होता है और आत्मा से परमात्मा बनने के लिए हमारा जन्म हुआ है इस दुर्लभता को हमे सामने रखना है क्योंकि अनादि काल से हम लोगों को राग रहित जग में हमें वीतराग भगवान मिले हैं और आचार्य श्री विद्यासागर महाराज कहते कि निर्दोष परमात्मा मिलना एक बहुत बड़ा पुण्य माना जाता है। इसलिए माना जाता है क्योंकि इनके चरणों आने वाला व्यक्ति नियम से निर्ज बनने का लक्ष्य बनाता है। और इसीलिए सम्यज्ञ दर्शन की चर्चा होने के बाद सम्यक ज्ञान की चर्चा चल रही है। चिंतन करने के बाद लगता है कितना हमारा पुण्य है। यह भव हम लौटने के लिए, पीछे जाने के लिए नहीं मिला हमें आगे चलने के लिए मिला है। क्योंकि लौटने वाला अभाग्य माना जाता है। रिवर्स में आचार्य श्री ने कहा कि रिवर्स में आना ही संसार है। आगे बढ़ना ही मोक्ष मार्ग है। रिवर्स में आना इसका अर्थ क्या है संसार की मोह माया है।और आचार्य श्री ने कहा था कि पीछे लोटने के लिए धर्म नहीं मिला।

## गेम चेंजर का इनाम देने के लिए समाजसेवी रिजवान दुबई रवाना होंगे



**सीहोर।** शहर सहित आस-पास के खिलाड़ियों के लिए हर समय मदद और सहयोग देने वाले शहर के समाजसेवी रिजवान खान आगामी 16 सितंबर को दुबई में होने वाले मैच के अंत में कंपनी की ओर से गेम चेंजर का इनाम देंगे। इसके लिए आगामी 15 सितंबर को शहर से दुबई के लिए रवाना होंगे। इस मौके पर उन्होंने कहाकि आगामी अक्टूबर में होने वाले शहर में खेल महोत्सव को लेकर रुपरेखा तैयार की है। जिसमें शामिल होने वाले खिलाड़ियों के लिए स्पोटर्स ड्रेस प्रदान की जाएगी। शुक्रवार को दुबई रवाना होने से पहले श्रीराधेश्याम विहार कालोनी की ओर से जितेन्द्र तिवारी, अलाउद्दीन खान, जिला क्रिकेट एसोसिएशन की ओर से अमित शर्मा, हसीन कुरैशी, डॉ. अकरम, आजम नेता, शहजाद लाला, मुन्ना लाला सहित अन्य ने पुष्प माला पहनाकर कर स्वागत सम्मान किया। इस मौके पर श्री खान ने कहाकि अक्टूबर को शहर में होने वाले खेल महोत्सव में क्रिकेट, हाकी, फुटबाल, वालीबाल, शतरंज और कैरम आदि का आयोजन किया जाएगा।

### टूरिज्म डेवलपमेंट के लिए तैयार करेंगे डीपीआर, पूर्व में भी हो चुके काम

# पर्यटन विकास को मिलेगी नई दिशा, विभागीय अधिकारियों ने किया प्रमुख स्थलों का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ नरसिंहगढ़

ऐतिहासिक और प्राकृतिक धरोहरों से समृद्ध नरसिंहगढ़ में पर्यटन विकास की संभावनाएं एक बार फिर दिखाई देने लगी हैं। शुक्रवार को पर्यटन विभाग भोपाल के एसडीओ अभिषेक गौड़ एवं सब-इंजीनियर कुलदीप राय ने नगर के प्रमुख धार्मिक एवं पर्यटन स्थलों का निरीक्षण किया। इसमें बड़ा महादेव, छोटा महादेव, हाथी कुंड, खजूर पानी, गुप्तेश्वर, करणी माता मंदिर, गणेश चौक पहाड़ी, हनुमानगढ़ी और किला क्षेत्र शामिल थे। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने इन स्थलों पर मौजूद प्राकृतिक सौंदर्य को देखा और यहां सौंदर्यकरण ओर पर्यटकों की सुविधाओं के लिए आवश्यक निर्माण- विकास कार्य करवाये जाने की बात कही। अधिकारियों ने बताया कि इसके लिए शीघ्र ही विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार की जाएगी, जिसमें जीर्णोद्धार ,सड़क, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था, पार्किंग, सीढ़ियां, विश्राम स्थल और शौचालय जैसी मूलभूत सुविधाओं का समावेश होगा। इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष देवेंद्र सिंह परमार, उपाध्यक्ष दिनेश नागर, विभोर वर्मा समेत अन्य मौजूद थे।



**इनका कहना है...**

हमारे शहर और आसपास क्षेत्र में पर्यटन की खासी संभावनाएं हैं। यहां पर्यटन विकास को लेकर हम लगातार प्रयासों में लगे हैं। पूर्व में भी पर्यटन विभाग ने यहां करोड़ों के काम कराए हैं। वहीं वर्तमान में पर्यटन विकास के लिए योजनाएं तैयार की जा रही हैं।

**मोहन शर्मा, विधायक नरसिंहगढ़**

## पर्यटन गतिविधि को ध्यान में रखकर बनेंगी योजनाएं

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने भी शहर में पर्यटन की संभावनाओं पर गौर किया। यहां की ऐतिहासिक धरोहरों, स्थलों के निरीक्षण के दौरान उन्होंने पर्यटन गतिविधियों को ध्यान में रखकर योजनाएं बनाई जाने की बात कही। उल्लेखनीय है कि यहां की प्राकृतिक घाटियां, झरने, तालाब और धार्मिक स्थल पर्यटकों को आकर्षित करते हैं। यदि विभाग द्वारा सुविधाओं का विस्तार किया जाता है तो आने वाले समय मे शहर प्रदेश के प्रमुख पर्यटन केंद्रों में शुमार हो सकता है।

### विधायक शर्मा ने शुरू की पहल

शहर में पर्यटन विकास के लिए विधायक मोहन शर्मा भी प्रयासों में लगे हैं। उन्होंने कुछ समय पहले ही मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से नरसिंहगढ़ को पर्यटन नगर का दर्जा दिलाने की मांग की थी। मुख्यमंत्री ने भी इस दिशा में सकारात्मक आश्वासन दिया था। इसी के चलते शहर में पर्यटन विकास की गतिविधियां बढ़ती दिख रही हैं।

### बोले-हमारे बच्चों पर पड़ रहा गलत असर

# सलाई ग्राम में बढ़ते देह व्यापार से आक्रोशित ग्रामीणों ने सौंपा ज्ञापन



**राजगढ़।** नरसिंहगढ़ क्षेत्र का ग्राम सलाई सालों से देह व्यापार का बड़ा अड्डा माना जाता है। अब तो इस गांव के कुछ घरों के साथ-साथ यह धंधा करने वाली कथित महिलाओं ने हाईवे पर ही मकान बनाकर खुलेआम वैश्यावृत्ति शुरू कर दी है। सलाई के आसपास के ग्रामीणों द्वारा पूर्व में इस बारे में नरसिंहगढ़ एसडीएम, पुलिस थाने में कई बार शिकायतें दर्ज करवाई लेकिन जिस्मफरोशी का अवैध धंधा बदस्तूर जारी है।

इसी बात से आक्रोशित सलाई के आसपास के ग्रामों में निवासरत गुर्जर समाजजन सहित अन्य समाजों के अनेकों लोग शुक्रवार को कलेक्टेट पहुंचे। ग्रामीणों ने उक्त समस्या को लेकर कलेक्टर के नाम अधिकारियों को एक ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों ने बताया कि सलाई में जिस्मफरोशी के लिए बाहर से नाबालिग लड़कियां बुलवाई जा रही हैं और भोपाल सहित अन्य शहरों के लोग यहां आ रहे हैं।

### बच्चों, बहन-बेटियों पर पड़ रहा गलत असर

ग्रामीणजनों ने बताया कि गांव में खुलेआम जिस्मफरोशी का धंधा होने से हमारे बच्चों और गांवों के माहौल पर बुरा असर पड़ रहा है। ग्रामीणों के अनुसार सलाई में वैश्यावृत्ति के कारण आसपास के गांवों के लोगों से अन्य स्थानों के लोग शादी-ब्याह, रिश्तेदारी करने में भी परहेज कर रहे हैं। ग्रामीणों ने मांग की है कि सालों से इस धंधे में लिप्त महिलाओं को या तो अन्यत्र शिफ्ट करवा दिया जाए या पूरी तरह से इस पर पाबंदी लगा दी जाए। अगर प्रशासन द्वारा इस मसले पर कोई कार्यवाही नहीं की गई तो ग्रामीणों को आंदोलन, प्रदर्शन करने पर मजबूर होना पड़ेगा।

## मध्यप्रदेश जनसंपर्क विभाग के आयुक्त से मिली टीम जंप




**कुरावर।** जर्नलिस्ट्स यूनियन ऑफ मध्यप्रदेश जंप के प्रांताध्यक्ष डॉ अरुण सक्सेना शुक्रवार को अपनी टीम के साथ मध्यप्रदेश जनसंपर्क विभाग के नवागत आयुक्त दीपक सक्सेना से सौजन्य भेंट कर उन्हें नई जिम्मेदारी हेतु बधाइयाँ प्रेषित की। जनसंपर्क संचालनालय में गुलदस्ता भेंट कर अपने साथियों डॉ नवीन आनंद जोशी, अध्यक्ष मप्र प्रेस क्लब, राकेश सक्सेना प्रान्तीय उपाध्यक्ष जंप, राव भूपेंद्र सिंह संभागीय अध्यक्ष भोपाल, अभिलाष तिवारी साधना न्यूज, नितेश सक्सेना कुक्कु, डाली शाक्य से परिचय कराया। इस अवसर पर पत्रकारों के सवाल के उत्तर में सक्सेना ने बताया कि अभी हमने जॉइन किया है। शीघ्र ही सभी नीतियों को समझकर शासन की मंशानुरूप कार्य करेंगे। जनसंपर्क और मीडिया के समन्वय से सार्थक परिणाम आयेंगे।

## 6 दिन से लापता व्यक्ति का शव नदी किनारे मिला

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

नगर में पिछले छह दिनों से लापता एक व्यक्ति का शव गुरुवार को कालीसिंध नदी किनारे मिला। जानकारी के अनुसार वार्ड क्रमांक-2 निवासी 40 वर्षीय अमीन शाह 5 सितंबर से घर से लापता था। गुरुवार शाम उसका शव इंडोर स्टेडियम के पीछे स्थित नाले में कालीसिंध किनारे मिला। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी आकांक्षा हाड़ा पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचीं और शव को बाहर निकलवाया। मृतक की पहचान परिजनों ने कपड़ों से की। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

## बाल मित्र योजना व बाल सुरक्षा संवाद कार्यक्रम का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कालापीपल

शनिवार को मध्यप्रदेश पुलिस सामुदायिक पुलिस योजना के अंतर्गत बाल मित्र योजना व बाल सुरक्षा संवाद कार्यक्रम का आयोजन पुलिस थाना कालापीपल में किया गया। इस विशेष आयोजन में सरस्वती विद्या मंदिर कालापीपल के छात्र-छात्राएं शामिल हुए।

कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को उनके अधिकार, कर्तव्य, सुरक्षा उपाय व कानूनी प्रक्रिया के प्रति जागरूक करना है, ताकि वे अपनी सुरक्षा के साथ-साथ कानून की समझ भी प्राप्त कर सकें। थाना प्रभारी मनोहर सिंह जगेत ने बच्चों को नाबालिकों के साथ होने वाले अपराध, उनकी रोकथाम व ऐसे समय में पुलिस से संपर्क करने के उचित तरीके के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने स्पष्ट किया कि पुलिस का उद्देश्य बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है।

इस दौरान उप निरीक्षक सुनीता मेवाड़ा ने बालिकाओं को महिला हेल्प डेस्क की उपयोगिता के बारे में समझाया, जिससे वे किसी भी समस्या के समय निर्भय होकर सहायता प्राप्त कर सकें। सरस्वती विद्या मंदिर के विद्यार्थियों ने थाने में चल रही विभिन्न गतिविधियों को देखा और पुलिस की कार्यप्रणाली से परिचित हुए। बच्चों ने पुलिस अधिकारियों से संवाद किया और अपने सवाल भी पूछे, जिससे उनके मन में कानून और पुलिस के प्रति विश्वास व समझ विकसित हुई। इस तरह के कार्यक्रमों के माध्यम से पुलिस विभाग यह सुनिश्चित कर रही है कि बच्चे अपने अधिकारों व कर्तव्यों के प्रति सचेत रहें तथा समाज में सुरक्षित व समर्पित नागरिक के रूप में विकसित हों।






## उपहार पाकर बच्चों के चेहरे पर बिखरी मुस्कान



**माचलपुर।** शासकीय प्राथमिक विद्यालय क्रमांक-2 सांदीपनि सीएम राइज केम्पस-2 के बच्चों के लिए जिला कलेक्टर ने भेजा उपहार। स्कूल चलें अभियान अन्तर्गत जिला राजगढ़ कलेक्टर डॉ गिरिश कुमार मिश्रा द्वारा पूरे जिले में जिला उपहार योजना बनाकर नव प्रवेशी कक्षा-1 के बच्चों के लिए बस्ता प्रदान किया। विद्यालय तक बच्चों को लाकर उनके नियमित स्कूल आने, अध्यापन के प्रति रोचकता जागृत करने की दिशा में यह प्रयास जन जाग्रति का काम कर रहा है। इसी क्रम में विद्यालय में नामांकन बढ़ाकर अपनी पहचान बढ़ाने वाला विद्यालय शासकीय प्राथमिक विद्यालय क्रमांक-2 को उपहार मिला।

अंजनीलाल समिति द्वारा खिलचीपुर नाके स्थित पार्क में करवाया जा रहा आयोजन

## श्रीमद भागवत ज्ञान गंगा के प्रथम दिवस निकाली कलश यात्रा

**राजगढ़।** श्री अंजनीलाल लाल युवा उत्सव समिति एवं अमरसिंह यादव फैंस क्लब के तत्वावधान में लगातार तीसरे वर्ष सात दिवसीय श्रीमद भागवत कथा का आयोजन करवाया जा रहा है। खिलचीपुर नाका स्थित पार्क में 12 सितंबर से 18 सितंबर तक आयोजित इस कथा में शाजापुर के संत कथावाचक शुभम शर्मा भक्तों को कथा का रसपान कराएंगे।

कथा के प्रथम दिवस शुक्रवार को आयोजकों सहित अन्य श्रद्धालुओं द्वारा स्थानीय पारायण चौक से कथा पांडाल तक एक विशाल कलश यात्रा का आयोजन करवाया गया। मेन मार्केट, जय स्तंभ चौराहा, नाका नंबर-3, बाईपास होते हुए कलश यात्रा कथा परिसर पहुंचकर समाप्त हुई। समिति के सदस्यों ने कथा प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से आरंभ होकर शाम 5 बजे तक चलेगी। कथा के पहले दिन व्यासपीठासीन संत शर्मा ने भागवत कथा के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला।



### पारायण चौक में भी चल रही कथा

इसी कड़ी में गीता मानस प्रचार समिति में भी गत 8 सितंबर से संगीतमय श्रीमद भागवत कथा का आयोजन चल रहा है। कथा प्रवक्ता संत संदीप उपाध्याय द्वारा भक्तों को कथा का रसपान करवा रहे हैं। आयोजक मोहन मेवाड़े, जुगल किशोर मेवाड़े, योगेश मेवाड़े एवं परिवार द्वारा उक्त कथा आयोजित करवाई जा रही है जिसका समापन 14 सितंबर को होगा।

## एसडीएम ने अस्पताल का किया निरीक्षण, दिए निर्देश



**सारंगपुर।** मध्य प्रदेश शासन द्वारा स्वास्थ्य सुविधा को लेकर अनेक योजना लागू की गई, जो कि स्थानीय अस्पतालों के माध्यम से अस्पताल आने वाले हितग्राहियों को मिले। अस्पताल में निःशुल्क जांच एक्सरा सोनोग्राफी पोषण पुनर्वास केंद्र के माध्यम से सुविधा संचालित हो रही हैं या नहीं। इसी को ध्यान में रखकर कलेक्टर गिरीश कुमार मिश्रा के निर्देश पर शुक्रवार को अनुविभागीय अधिकारी रोहित बम्होरे ने सारंगपुर सिविल अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान ओपीडी पर्ची केंद्र, लैब, सीसीटीवी कैमरे तथा पोषण पुनर्वास केंद्र में जाकर बच्चों के अभिभावको से भर्ती बच्चों के स्वास्थ्य संबंधित चर्चा की एवं स्टॉप से जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान ओपीडी सहित लैब में अपार आईडी बनाने को लेकर समय बढ़ाने के निर्देश के साथ ही पोषण पुनर्वास केंद्र के आसपास सफाई कराने के निर्देश दिए।

## जिला स्तरीय समिति की बैठक का किया गया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ शाजापुर

जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं जिला दावा आपत्ति निराकरण समिति अध्यक्ष बीएस सोलंकी की अध्यक्षता में एकीकृत बाल विकास परियोजना कालापीपल, पोलायकला एवं शुजालपुर के आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका भर्ती के दावा आपत्ति निराकरण के लिए शनिवार को जिला पंचायत सभागृह में जिला स्तरीय समिति बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में खंड स्तरीय समिति द्वारा जारी अनंतिम सूची के विरुद्ध प्राप्त आपत्ति एमपी ऑनलाइन चयन पोर्टल के माध्यम से आवेदकों द्वारा दर्ज की गई। जिला स्तरीय समिति द्वारा आपत्तियो के विधिसम्मत निर्णय लिए गए। इस अवसर पर जिला स्तरीय दावा आपत्ति निराकरण समिति सदस्य पवित्रा बाई चौधरी, जिला पंचायत अध्यक्ष द्वारा मनोनीत सदस्य सुंदर बाई, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास एवं सचिव संजय त्रिपाठी, परियोजना अधिकारी सदस्य ललित कुमार राठौर (एकिकृत बाल विकास परियोजना कालापीपल, पोलायकला एवं शुजालपुर) एवं महिला एवं बाल विकास विभाग कर्मचारी उपस्थित थे।

## भागवत कथा श्रवण से पुण्य की प्राप्ति : पं. अनुराग शर्मा



**जीरापुर।** नगर के अटल चौक में सोनी समाज महिला मंडल द्वारा आयोजित भागवत कथा में पं. अनुराग शर्मा आचार्य ने बताया कि भागवत माता की कथा में अनेकों पवित्र कथाओं का वर्णन होता है जिसके श्रवण से भगवान की प्राप्ति होती है। भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं का सारगर्भित वर्णन कर बताया कि बाल कृष्ण ने बाल लीलाओं में कालिया नाग का संवार किया। राक्षस को मारकर भक्ति मार्ग प्रशस्त किया कथा में भगवान श्रीकृष्ण के बचपन की माखन चोरी, यमुना नदी में नहाने की लीला और उनके मित्रों के साथ खेलने के प्रसंग को बताया। पूतना वध याने पूतना नामक राक्षसी का वध किया था, जो उन्हें मारने के लिए आई थी। उनकी माता यशोदा के प्रति उनके प्रेम का वर्णन होता कृष्ण और बलराम का प्रेम और मित्रता। इस अवसर पर अटल चैक में अटल प्रतिमा पर बुधवार को पं अनुराग शर्मा एवं जनप्रतिनिधियों ने माल्यार्पण किया। कथा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्त महिला पुरुष शामिल होकर संगीतमय भजनों पर झूमे कर ईश्वर भक्ति में लीन हो रहे हैं।

### अचानक की गई ब्लास्टिंग से घरों में आकर गिरे 30 से 40 किलो वजनी पत्थर

# सुरक्षा मानकों को ठेंगा दिखाकर रेलवे कर रहा ब्लास्टिंग, एसडीएम पहुंचीं

## मकानों की दीवारों में पड़ी दरारें, गैलरियां टूटी, गनीमत से बची जनहानि

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

भोपाल-रामगंज प्रोजेक्ट के तहत मुख्यालय समीपस्थ पाटन रोड पर रेलवे लाइन का कार्य दुरत गति से जारी है। लेकिन, कार्य को शीघ्र निपटाने के चक्कर में रेलवे द्वारा निर्धारित एजेंसियों एवं ठेकेदारों द्वारा सुरक्षा मापदंडों को ताक पर रखकर रहवासियों बस्तियों, कॉलोनियों के समीप कभी ब्लास्टिंग की जा रही है। रेलवे की लाइन डालने हार्डरॉक (कठोर पत्थरों) को तोड़ने शुक्रवार को गई ब्लास्टिंग की तीव्रता इतनी अधिक थी कि 10 से 30 किलो तक के पत्थर हेडगेवार कॉलोनी, सिविल लाइन कॉलोनी तक पहुंच गए। ब्लास्टिंग की अत्यधिक तीव्रता और पत्थरों मकानों के टकराने से लोगों के घरों की दीवारों में दरारें पड़ गई यहां तक की मकानों की गैलरियां तक टूट गईं। गनीमत यह रही कि ब्लास्टिंग के पत्थरों से कोई जनहानि नहीं हो पाई। बगैर सूचना अचानक की गई इस ब्लास्टिंग की तेज आवाज और पत्थरों दनादन घरों, सड़कों पर बड़े-बड़े पत्थर गिरने की घटना से कॉलोनीवासी सकते में आ गए। इस दौरान आसपास टहल रहे लोगों और सड़क क्रॉस रहे कॉलोनीवासियों सहित अन्य लोगों ने यहां-वहां छिपकर अपनी जान बचाई।



### शिकायत मिलने पर तुरंत पहुंचीं एसडीएम

रेलवे के ठेकेदारों की मनमानी और रेलवे के जिम्मेदार अधिकारियों की अनदेखी की शिकायत मिलने पर एसडीएम निधि भारद्धाज तुरंत मौके पर पहुंचीं। स्थानीय रहवासियों ने एसडीएम को अपनी पीड़ा सुनाते हुए कहा कि ब्लास्टिंग के कारण कॉलोनी तक पहुंच रहे बड़े-बड़े पत्थरों से किस तरह जैसे-तैसे उन्होंने अपनी जान बचाई है। कॉलोनी के लोगों ने समीप के मंदिर परिसर और एक घर के आंगन में गिरे 30 से 35 किलो के पत्थर को भी एसडीएम को दिखाया। इसके साथ ही ब्लास्टिंग से मकानों में हुए नुकसान का मुआयना भी उन्हें करवाया गया। एसडीएम भारद्धाज ने हकीकत जानने के बाद तुरंत रेलवे के अधिकारियों और निर्माण एजेंसी के ठेकेदार को मौके पर तलब किया।

### जब्त किए रजिस्टर और रिकार्ड

इस दौरान एसडीएम ने रेलवे के ठेकेदार एवं अधिकारियों से जब ब्लास्टिंग से संबंधित कागजात, पेपर्स इत्यादि मांगे तो वह रिकार्ड भी आधा-अधूरा पाया गया। इस पर उन्होंने सभी रजिस्टर जब्त करते हुए हिदायत दी कि बगैर सुरक्षा मानकों का ध्यान रखे एवं आमजनों की सुरक्षा हेतु निर्धारित मापदंडों के पूर्ण किए बगैर ब्लास्टिंग न की जाए।

### 27 अगस्त को चार पहियों वाहनों में हुआ था नुकसान

रेलवे के अधिकारियों एवं ठेकेदार द्वारा गैर-जिम्मेदाराना रवैये की जा रही ब्लास्टिंग का यह पहला मामला नहीं है। बीते महीने 27 अगस्त को बगैर सूचना के की गई ब्लास्टिंग से हेडगेवार कॉलोनी के चार व्यक्तियों की कारों के फ्रंट एवं डोर ग्लास फूट गए जिससे लोगों को हजारों रुपए का नुकसान हो गया। इसके साथ ही ब्लास्टिंग से उछटकर कॉलोनी तक पहुंचे बोल्डर, पत्थर लोगों की घरों की छतों और मकानों के अंदर तक जा पहुंचे। ईश्वरीय कृपा से उस समय भी जनहानि होने से टल गई।

**खबर संक्षेप**

### दशहरा उत्सव समिति अध्यक्ष बने राहुल

**आष्टा।** मानस भवन में शनिवार को दशहरा उत्सव समिति के अध्यक्ष पद का चुनाव हुआ। राहुल वाल्मीकि 42 वोट पाकर विजयी रहे। उनके प्रतिद्वंद्वी राहुल मेवाड़ा को 7 और हितेश बत्रा को 3 वोट मिले। हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष कालू भट्ट के अनुसार यह चुनाव सकल समाज की बैठक में कराया गया। व्यापार महासंघ के अध्यक्ष रूपेश राठौर ने चुनाव परिणाम की पुष्टि की। चुनाव के दौरान मानस भवन के बाहर भीड़ जमा हो गई। टीआई गिरीश दुबे ने स्थिति को संभाला। सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस बल तैनात रहा। विजय के बाद राहुल वाल्मीकि अपने समर्थकों के साथ गणेश मंदिर पहुंचे।

### हादसों को आमंत्रण दे रहा पुराना हाईवे

**आष्टा।** पुराना भोपाल-इंदौर मार्ग की स्थिति बारिश के कारण बेहद खराब हो गई है। दरगाह से शराब दुकान के बीच करीब 12 गड्ढे बन गए हैं। इन गड्ढों में गिरकर आए दिन वाहन चालक घायल हो रहे हैं। मार्ग की कई जगहों पर स्थिति खराब है। जे के अस्पताल के सामने, भोपाल नाके के समीप, पार्वती पुल के पास और इंदौर नाके के पास सड़क टूट गई है। शराब दुकान से शनि मंदिर तक नगर पालिका ने पाइपलाइन डाली है। लेकिन काम पूरा नहीं किया गया है। नागरिक अखिलेश धनगर और रवि राठौर ने बताया कि पाइपलाइन डालने के बाद सड़क को ठीक से नहीं भरा गया। इससे वाहन चालकों को परेशानी हो रही है। शहर की 5-6 सड़कें बारिश में बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई हैं। पीडब्ल्यूडी के एसडीओ अनमोल मिश्रा ने बताया कि बारिश के दौरान दो बार मरम्मत कराई गई थी। उन्होंने जल्द ही फिर से मरम्मत कराने का आश्वासन दिया है।

### विधायक ने आष्टा नपा के साथ जावर-कोठरी नप के विकास कार्यों की समीक्षा

# बैठक में 2047 को सामने रख कर नगर विकास के प्लान तैयार करने दिए निर्देश

**समीक्षा बैठक में रामपुरा डैम से आष्टा पानी लाना एवं बुधवार को जल भराव समस्या से मुक्त करना कार्य को प्राथमिकता में रखने के दिये निर्देश। तीनों निकायों को दिए निर्देश 2047 को लेकर बनाये विकास के प्लान, दिए गए निर्देशों की 15 दिन बाद फिर होगी समीक्षा**

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा




विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर जब से विधायक बने हैं तब से लेकर लगातार आष्टा विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न विभागों की लगातार समीक्षा कर रहे हैं। उनका एक ही लक्ष्य है कि क्षेत्र का किस तरह भरपूर विकास हो। उसी कड़ी में वे लगातार विभिन्न विभागों के कार्यो की समीक्षा करने एवं विकास की योजनाओं को बनाने के निर्देश दे रहे है। आष्टा विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर ने आज जनपद पंचायत के सभाकक्ष में आष्टा विधानसभा क्षेत्र की आष्टा नगर पालिका एवं जावर तथा कोठरी नगर परिषद के विकास कार्यो एवं 2047 को सामने रख के विकास के प्लान बनाने को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की।

#### निकयों के कार्यों की देखी प्रगति

समीक्षा बैठक में पहुंचे विधायक गोपालसिंह इंजीनियर का अनुविभागीय अधिकारी नितिन टाले ने गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया। इसके पश्चात क्रमबद्ध तरीके से आष्टा विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने नगर पालिका आष्टा, जावर तथा कोठरी नगर परिषद से आए मुख्य नगर पालिका अधिकारी के साथ इंजीनियरों द्वारा तीनों निकायों में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों की जानकारी दी। समीक्षा के दौरान विधायक ने निर्देश दिये कि आष्टा नगर पालिका आष्टा के नागरिकों को रामपुरा डैम से पानी आष्टा लाकर नागरिकों को जल उपलब्ध कराने एवं बुधवारा की जल भराव समस्या को हल करने तथा कोठरी में गर्मी में जल संकट समस्या का कैसे स्थाई हल किया जा सकता है आदि कार्यो को प्राथमिकता में रखने के निर्देश दिए । आष्टा नगर पालिका द्वारा उक्त दोनों योजनाओं को लेकर क्या स्तिथि है,क्या कार्य चल रहे हैं उसकी जानकारी दी गई। वही समीक्षा बैठक में कोठरी नगर परिषद में चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा करने के बाद हर वर्ष गर्मी में कोठरी में जो जल संकट की गंभीर स्थिति बनती है उसका किस तरह से स्थाई हाल हो इसको लेकर भी कार्य योजना तैयार करने के निर्देश दिए।

#### कान्या खेड़ी डैम से जावर को मिलेगा पानी कोठरी को स्मार्ट सीटी बनाने को लेकर चर्चा

वहीं जावर नगर परिषद की ओर से बताया गया की कान्या खेड़ी डैम से जावर पानी ले जाने की योजना पर कार्य चल रहा है। इसी से उसका जल संकट का निदान होगा। आष्टा विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर ने बताया कि आज समीक्षा बैठक में तीनों निकायों की समीक्षा की है तथा वर्तमान में मध्य प्रदेश शासन की विभिन्न योजनाओं एवं मदों से जो निर्माण और विकास के कार्य चल रहे हैं उनकी जानकारियां ली तथा आष्टा नगर को एवं जावर कोठरी को स्मार्ट सिटी बनाने के लिए 2047 को सामने रख कर विकास परत योजना प्लान बनाने के भी निर्देश दिए ताकि आने वाले समय में मध्य प्रदेश शासन से इन तीनों निकायों के लिए विशेष राशि स्वीकृत कराई जाने के प्रयास किये जायें तथा तीनो निकायों को स्मार्ट सिटी बनाने का जो वादा भारतीय जनता पार्टी ने किया है उसे पूर्ण किया जा सके। विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर ने बताया कि आज तीनों निकायों की समीक्षा की है तथा निर्देश दिए हैं कि वह दिए गए निर्देशों के तहत योजनाएं तैयार करें तथा जो जानकारियां अपूर्ण थी उन्हें पूर्ण कर जानकारियां लेकर पुनः 15 दिन बाद तीनों निकायों की पुनः समीक्षा की जाएगी ।



#### सिंहस्थ को लेकर भी हुई चर्चा

समीक्षा बैठक में विधायक ने 2028 में उज्जैन में होने वाले सिहस्थ को लेकर भी तीनो निकायों को निर्देश दिये कि हमारे क्षेत्र से हो कर उज्जैन जाने आने वालों को हम क्या सुविधाए दे सकते है। उनके ठहरने, भोजन, आदि की क्या व्यवस्थाए कर सकते है। बिजली, पानी, रोड आदि को लेकर भी योजना बनाये ताकि सरकार के समक्ष उक्त योजनाओं को प्रस्तुत किया जा सके। बैठक में एसडीएम नितिन टाले सहित आष्टा नगर पालिका के सीएमओ विनोद कुमार प्रजापति, जावर सीएमओ हरीश कुमार सोनी, कोठारी नगर परिषद के सीएमओ नरेंद्रसिंह जाटव सहित तीनो निकाय के अधीनस्थ अधिकारी, इंजीनियर आदि उपस्थित थे।

### डॉ जैनपाल जैन और वर्षा जैन श्रीमोड़ ने धारण की दो-दो प्रतिमा



**आष्टा।** देव, शास्त्र ,गुरु से बढ़ कर कोई नहीं।सम्यकदृष्टि देव, शास्त्र और गुरु के अलावा और किसी के समक्ष नहीं झुकता है।हमें अपने कर्तव्यों का निर्वहन करना चाहिए। सम्यकदृष्टि मोक्ष की अपेक्षा, अभिलाषा रखते हुए भगवान की आराधना कर सकते हैं।संसारी व्यक्ति अपने व्यापार और परिवार के लिए अपेक्षा करते हुए भगवान की आराधना करते हैं तो वह उचित नहीं।गज स्नान वाली भगवान की आराधना नहीं करें।हाथी नहाता है और पानी से बाहर आते ही धूल सूंड़ में भर कर अपने शरीर पर उड़ा लेता है।इस मनुष्य पर्याय को व्यर्थ नहीं गंवाएं। भोजन को औषधि बनाए,आप निरोगी रहेंगे। जैसा साधु -संतों को आहार कराया वैसा ही आहार आप लोग ग्रहण करें, ताकि आपको साधु-संतों के आहार की अनुभूति हो कि वे कैसा आहार ग्रहण करते हैं। आत्मा से आत्मा के कर्मों की निर्जरा होती है। उक्त बातें नगर के श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन दिव्योदय अतिशय तीर्थ क्षेत्र किला मंदिर पर विराजमान आचार्य आर्जव सागर मुनिराज के परम प्रभावक शिष्य मुनिश्री सानंद सागर मुनिराज ने रत्नकरण्डक श्रावकाचार ग्रंथ को श्रवण कराते हुए कही। मुनिश्री ने कहा संसार में सुख कर्म के अधीन है। जिसका जैसे कर्म वैसा ही उसको फल मिलता है।जो स्वयं अमर नहीं हो सकता वह आपको क्या अमर करेगा। स्वार्थ सिद्ध हो रहा तब तक सब-कुछ अपने और स्वार्थ पूरा नहीं होने पर कोई अपना नहीं।संसार में सब-कुछ कर्म के अधीन है।लोग चाहते हैं कि हमारे बच्चे आईएएस या आईपीएस अधिकारी बने लेकिन सभी बन नहीं पाते हैं, फिर व्यापार व पुरुषार्थ नहीं करना चाहते हैं वह राम नाम जपना और पराया माल अपना करते हैं। मुनिश्री सानंद सागर मुनिराज ने पुण्य बढ़ाने की बात कही। देव, शास्त्र और गुरु की आराधना करें।आत्मा का आत्मा से संबंध बनाने पर मोक्ष फल की प्राप्ति होगी।पुण्याणुवंदी पुण्य के योग से चाही गई वस्तु मिल जाती है और पुण्याणुवंदी पुण्य के योग नहीं। मुनिश्री सानंद सागर मुनिराज के आशीष वचन सुनकर आज डॉ जैनपाल जैन ने मुनिश्री सानंद सागर जी से आशीर्वाद लेकर एक प्रतिमा के बाद दो प्रतिमा ली एवं कपड़ा व्यापारी दो प्रतिमा धारी सुरेंद्र जैन श्रीमोड़ की पत्नी वर्षा जैन ने दो प्रतिमा ली। विदित रहे कि दिवंगत निर्मल कुमार जैन श्रीमोड़ की धर्मपत्नी व नरेंद्र जैन उमंग, सुरेंद्र जैन की माता किरण देवी ने सात प्रतिमाएं लिए हुए है। इन सभी के पुण्य की समाजजनों ने अनुमोदना की।

## महिला परिषद की राष्ट्रीय अध्यक्ष की 72 दिवसीय तपस्या पर हुआ सामाजिक चौबीसी का आयोजन

**महिला एवं बहू परिषद ने आयोजन कर किया शासन प्रभावना का कार्य**





हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

महिदपुर रोड राजेंद्र सूरी ज्ञान मंदिर में महिला परिषद की राष्ट्रीय अध्यक्षा प्रेमाबेन गांधी मूथा बेंगलुरु के 72 दिवसीय अत्यंत प्रभावशाली राजेंद्र सुरि महा तप आराधना के निमित्त अखिल भारतीय राजेंद्र जैन महिला एवं बहू परिषद द्वारा गत दिवस राजेंद्र सुरि ज्ञान मंदिर में दोपहर 2 से 3 बजे तक सामूहिक सामायिक चौबीसी का आयोजन प्रेम बेन मुथा के तप अनुमोदनार्थ किया गया। इस मंगलकारी आयोजन में सकल जैन श्री संघ की महिलाएं अ,भा महिला, बहू परिषद ने उपस्थित होकर पुण्य लाभ प्राप्त किया। उपस्थित महिलाओं द्वारा परमात्मा प्रभु महावीर से तपस्वी के निर्विघ्न तप पूर्णाहुति संपन्नता की कामना की गई। साथ ही चौबीसी के आयोजन का लाभ अखिल भारतीय राजेंद्र जैन महिला और बहू परिषद द्वारा लिया गया।

### सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 25 सितंबर को लगेगा नेत्र शिविर

**जावर।** रेटीना आई हॉस्पिटल, इंदौर द्वारा संचालित विशाल निशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन 25 सितंबर को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जावर में किया जा रहा है। जिसमें मोतियाबिंद के मरीजों को निशुल्क ऑपरेशन के लिए ले जाया जायेगा। शिविर सुबह 10 बजे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जावर में शुरू होगा। मरीजों से आधार कार्ड और मोबाइल नंबर लाने की अपील की है।

### पराग ताम्रकार बने समाज अध्यक्ष



**आष्टा।** ताम्रकार समाज आष्टा द्वारा समस्त समाजजन एवं वरिष्ठों की उपस्थिति में एक बैठक आयोजित की गई। पूर्व अध्यक्ष सुधीर महलवार द्वारा अपने कार्यकाल में हुए आय व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया गया। जिसके उपरांत नवीन अध्यक्ष की चयन प्रक्रिया में पराग ताम्रकार का नाम आया। जिसमें सर्वसहमति से पराग को अध्यक्ष चुना गया। सभी उपस्थित सामाजिक बंधुओं ने ताम्रकार के इस नियुक्ति पर उन्हें बधाई दी। इस अवसर पर पराग ताम्रकार ने समस्त वरिष्ठों एवं सामाजिक बंधुओं का आभार माना एवं सभी को विश्वास दिलाया कि उन्हें जो जिम्मेदारी समाज के द्वारा दी गई है उसे वो पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निभाएंगे।

## सहकारिता कर्मचारियों ने किया सुंदरकांड का पाठ

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



मध्य प्रदेश सहकारिता कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर पिछले कई दिनों से आंदोलन कर रहे हैं बार-बार हड़ताल और ज्ञापन के बाद भी उनकी मांगे पूरी नहीं हो रही है। सहकारिता कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर 8 सितंबर से 24 सितंबर तक हड़ताल पर है। सहकारिता कर्मचारियों ने शासन प्रशासन एवं सहकारिता के वरिष्ठ अधिकारियों की सद्बुद्धि के लिए जिला सहकारिता बैंक के सामने श्री मानस मंडल बेदाखेड़ी द्वारा सुंदरकांड का पाठ किया। पिछले दिनों काली पट्टी बांधकर अपना विरोध जताया था। जिले के समस्त सहकारिता समिति के प्रबंधक व कर्मचारी हड़ताल पर बैठे हुए हैं। 60 प्रतिशत कर्मचारियों का जिला बैंकों में चयन आज तक नहीं हुआ। तत्काल चयन होना चाहिए। साथ ही अक्टूबर 2023 से प्रति विक्रेता 18 माह का जो 54 हजार है जो मात्र 18 जिलों को मिला है, लेकिन अभी भी 34 जिलों में भुगतान नहीं किया गया है। जिले के कर्मचारियों को तत्काल मिलना चाहिए। साथ ही सहकारिता कर्मचारियों ने अपनी मांग रखी कि जब तक हमारी मांगे पूरी नहीं होगी हम कलम बंद हड़ताल पर रहेंगे। ओर मुख्यमंत्री आवास या विंध्याचल भवन का घेराव करेंगे। क्योंकि बार-बार अधिकारियों के द्वारा केवल हमें आश्वासन दिया जा रहा है। लेकिन हमारी मांगों को पूरा नहीं किया जा रहा है।

## लोक अदालत में लंबित 51 प्रकरणों का हुआ निराकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



न्यायालय परिसर में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। तहसील विधिक सेवा समितिअध्यक्ष विजय दांगी,न्यायाधीश महेश कुमार चैहान, न्यायाधीश नदीम जावेद खान, न्यायाधीश ऋचा शर्मा, ऋचा जैन, भारतीय स्टेट बैंक के उपमहाप्रबंधक सांई कृष्ण श्रीधर, सहायक महाप्रबंधक राजेश कुमार, बिन्देश्वर कामत, वीरेन्द्र कुमार, मनोज कुमार वायकर, हितेन्द्र रघुवंशी, रजत जैन, विद्युत वितरण कंपनी के उपमहाप्रबंधक रमेश सिंह, अधिवक्ता संघ अध्यक्ष कृपाल सिंह ठाकुर, अधिवक्तागण, कर्मचारीगण ने दीप प्रज्वलित कर नेशनल लोक अदालत का प्रारंभ किया। लोक अदालत का चर्चित मामला यह रहा कि निवासी ग्राम सास्ताखेड़ी की आवेदिका रीनाबाई तीन वर्ष से पति कन्हैयालाल से मनमुटाव के कारण घर बैठी थी। उसे न्यायाधीश ऋचा जैन न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, तथा जीवन सिंह खजूरिया अधिवक्ता की समझाइश से पति के साथ प्रकरण में समझाईश देकर राजीनामा करवाया। पुष्पगुच्छ देकर दोनों को हंसी-खुशी के साथ रहने हेतु ससुराल रवाना किया। लंबित प्रकरणों में न्यायाधीश महेश कुमार चैहान के द्वारा कुल विद्युत प्रीलिटिगेशन के 1214 प्रकरण निराकरण के लिए रखे गए थे। जिसमें से राजीनामा अनुसार कुल 1214 प्रकरणों का निराकरण हुआ। न्यायालय के कुल 66 प्रकरण रखे गए थे जिनमें से 66 प्रकरणों निराकरण हुआ। न्यायाधीश विजय डांगी के न्यायालय में 95 प्रकरण निराकरण हेतु रखे गए थे। जिसमें से 13 प्रकरण निराकृत हुए। इसी प्रकार न्यायाधीश नदीम जावेद खान के न्यायालय में बैंक प्रीलिटिगेशन के 4 प्रकरण जिसमें से 4 का निराकरण हुआ। न्यायालय के कुल 51 प्रकरण निराकरण हेतु रखे गए थे जिसमें ने 51 प्रकरणों का निराकरण हुआ। जिसमें 135 पक्षकार 43,65,400/- रूपये लाभान्वित हुए।

**थराज रत्नकरंडक श्रावकाचार की हुई वाचना, कोठरी में निकली श्रीजी की रथयात्रा**

# जो भी साधना करें उसके फल की अपेक्षा न करें: सानंद सागर

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



ग्रंथराज रत्नकरंडक श्रावकाचार की वाचना के दौरान बताया कि समंतभद्राचार्य स्वामी ने ग्रंथ को लिख कर हमारे ऊपर बहुत बड़ा उपकार किया है। शास्त्रों में ध्यान इस प्रकार के बतलाए गए है आर्त ध्यान और रौद्र ध्यान, धर्म ध्यान, शुक्ल ध्यान।जो भी साधना करे उसका निदान नही करना कि आपकी भक्ति पूजा से मुझे यह फल प्राप्त होए। जो क्रोध परिणामों के साथ जो होता है वह रौद्र ध्यान होता है, इसके भी दो भेद बताये गए है। हिंसा नंदी ओर चोर्या नंदी।झूठ बोलने में आनंद मानना यह हिंसा नंदी ध्यान है।

चोरी में आनंद माना वह चोर्या नंदी ध्यान है। सम्यकदृष्टि ध्यान जिनका परिग्रह का त्याग है, वही पापों से बच सकता है। दुख का कारण है परिग्रह जो भी ग्रंथ विवादित न हो ,आगम का सही प्रकार से उल्लेख करें उन्हीं ग्रंथों का स्वाध्याय अवश्य करना चाहिए। उक्त बातें नगर के श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन दिव्योदय अतिशय तीर्थ क्षेत्र किला मंदिर पर चातुर्मास हेतु विराजमान आचार्य आर्जव सागर मुनिराज के परम प्रभावक शिष्य मुनिश्री सानंद सागर मुनिराज ने कहीं।दाल में काला है, इसलिए झूठ बोलना पड़ता है, झूठ कभी छुपता नही है एक ना एक दिन झूठ सामने आ ही जाता है। मोबाइल व्यक्ति को झूठ बोलना सिखाता है। जहां परिग्रह नहीं वहां विकल्प नहीं। परिग्रह नहीं है तो पापों से बच सकते हैं। परिग्रह दुःख का कारण है।राग तो राग है, प्रशस्त राग तो तीर्थंकर गति का कारण है ,क्योंकि इससे पर के कल्याण की भावना रखते हैं। मनमर्जी दुःख का कारण है। अच्छा करोंगे तो अच्छा फल मिलेगा और बुरा करोगे तो बुरा ही फल मिलेगा। मुनिश्री ने कहा कर्म उदय में अवश्य ही आता है।कोई क्रोध करता है तो आप उत्तर नहीं दे, वहां से हट जाएं। बिना शुक्ल ध्यान के मोक्ष नहीं, उसके पहले त्यागी और मुनि बनना जरूरी है। इच्छाओं को निरुद्ध करना तप है। परिग्रह मोक्ष में बाधक है। साधु का तप मोक्ष का कारण है। आप लोगों को साधु का सानिध्य बार -बार मिलता है। भक्त की भक्ति में शक्ति है।मंच,माला ओर बाइक दुःख का कारण है।

जितना बांटोगे उतना ही अधिक मिलेगा। आगम के विरुद्ध चलने पर सारे पुण्य पर पानी फिर जाता है। मंदिर में विकल्प होगा लेकिन जंगल में नहीं। आष्टा से भी काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने सहभागिता की। समीपस्थ कोठरी में पर्यूषण पर्वाधिराज महापर्व के समापन पर परम्परा अनुसार श्रीजी की रथयात्रा मंदिर से भगवान की जयघोष के साथ निकाली गई। कोठरी के प्रमुख मार्गों से होते हुए नगर परिषद के समीप स्थित पांडुक शिला पर पहुंचकर भगवान के अभिषेक, शांति धारा एवं पूजा अर्चना की गई। लाभार्थी परिवार जनों ने कलश की बोलियां लेकर अपने परिवार की महिलाओं के मस्तिष्क पर कलश लेकर रथयात्रा में चली। वहीं श्रावक भगवान के रथ के आगे नृत्य करते हुए चल रहे थे। कोठरी नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि पूर्व जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक उपाध्यक्ष राधेश्याम दलपति, पूर्व विधायक रघुनाथ सिंह मालवीय सहित आष्टा से काफी संख्या में समाजजन शामिल हुए।

### सांदीपनि विद्यालय में विशेष वक्ता के रूप में उपस्थित हुए सोलंकी




हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

नगर के सांदीपनि शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आयोजित उमंग दिवस पर विशेष अतिथि के रूप में पहुंचे जावर कॉलेज के प्रो. राकेश कुमार सोलंकी ने बताया इमोशनल होना व्यक्ति का सामान्य गुण है परन्तु अपने इमोशंस को मैनेज कर उन्हें अपनी तरक्की में लगाना व्यक्ति का विशेष गुण है। इसके साथ ही प्रो. सोलंकी ने विद्यार्थियों की करियर सम्बन्धी कई जिज्ञासाओं को भी शांत किया। उमंग कार्यक्रम के नोडल हरिओम सोलंकी ने बताया कि आज उमंग दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व प्राचार्य शंकरलाल गुप्ता, मुख्य वक्ता राकेश सोलंकी प्राध्यापक, अध्यक्ष के रूप में प्राचार्य नितिन कुमार कौशल शामिल हुए। इस अवसर पर सांदीपनि विद्यालय के समस्त स्टाफ उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रोत्साहन स्वरूप पारितोषिक वितरण भी किया गया।